रिकार्ड बढ़ सकता है गन्ना बकाया

नई दिल्ली। गन्ने का बकाया जनवरी तक बढ़कर 14,000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है और चीनी की कीमतों में गिरावट तथा अनबिके माल के विशाल भंडार की वजह से इस माह के आखिर तक बकाए के बढ़कर रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच जाने की संभावना है। यह बात सोमवार को इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने कही। संघ ने एक बयान में कहा कि मिल संचालकों की तरलता बढ़ाने के लिए सरकार को तत्काल 20 फीसदी का निर्यात शुल्क हटा देना चाहिए और 20 लाख टन के निर्यात की अनुमति देनी चाहिए। इस्मा के मुताबिक विपणन वर्ष 2017-18 (अक्तूबर-सितंबर) में 15 मार्च तक 2.58 करोड़ टन चीनी का उत्पादन हो चुका है। एजेंसी

Amar ujala

20/3/18